NT>

Title: Need to provide better facilities at Chandauli railway station in U.P.

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : चंदौली अब जिला मुख्यालय हो गया है। मगर चंदौली स्टेशन पर सार्वजनिक सुविधाओं का नितांत अभाव है। चंदौली रेल्वे स्टेशन के विस्तार की मांग निरन्तर की जाती रही है। लेकिन इस बारे में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। चंदौली रेल्वे स्टेशन का विस्तार किया जाना चाहिए और यहां पर प्रमुख गाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे चंदौली जिले के निवासियों को यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सके। चंदौली स्टेशन पर अनेक सुविधाओं जैसे विश्रामगृह, पेयजल, शौचालय आदि का अभाव है जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन सुविधाओं को शीघ्र ही चंदौली स्टेशन पर व्यवस्था की जानी चाहिए।